# प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–07.03.2026 को पूर्वाह्न 09:15 बजे से प्रधान सचिव कक्ष में पटना जिला के अपर समाहर्त्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता एवं सभी अंचलाधिकारियों के साथ राजस्व संबंधी कार्यो की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति :– यथा पंजी अनुसार।

प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार, पटना द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक में विभाग के सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

प्रधान सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित पटना जिला के अपर समाहर्त्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता एवं सभी अंचलाधिकारियों को निदेश दिया गया कि कार्यों का निष्पादन ससमय एवं निष्ठापूर्वक करेंगे साथ ही साथ सामूहिक अवकाश/हड़ताल की विसंगतियों पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं इससे उत्पन्न जन असुविधा एवं प्रशासनिक शिथिलता को बताया गया। आम जनों की सुविधाओं के मद्देनजर हड़ताल पर न जाने का निदेश दिया गया।

आयोजित समीक्षात्मक बैठक में अथमगोला, बख्तियारपुर एवं मोकामा के अंचलाधिकारी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गयें। अनुपस्थित पदाधिकारियों से कारणपृच्छा करने का निदेश दिया गया।

सचिव, श्री जय सिंह एवं सचिव, श्री गोपाल मीणा द्वारा राजस्व संबंधी विभिन्न कार्यो पर समीक्षा की गयी एवं आवश्यक निदेश दिये गये।

1. **Mutation Defect Check Application** :– समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दीदारगंज–291, बिहटा–97, फुलवारीशरीफ–86, सम्पतचक–40 एवं बख्तियारपुर–34 Mutation Defect Check Application के मामलें अंचलाधिकारी स्तर पर पेंडिंग पाये गये हैं। इन्हें यथाशीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया गया। साथ ही तकनीकी अड़चनों को दूर करने का निदेश आई0टी0 मैनेजर को दिया गया।

2- **Average Time Taken to Dispose Mutation Application** :– समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दीदारगंज, पाटलीपुत्र, बेलछी, पटना सिटी, मोकामा, नौबतपुर, दानापुर, बिहटा, पटना सदर, धनरूआ, दुल्हिनबाजार एवं अथमलगोला अंचलों में 2025–26 में Dispose Mutation Application में जिला का औसत निष्पादित दिन, औसत से कम पाया गया है। इसके लिए सभी अंचलाधिकारियों को शीघ्रता से म्यूटेशन कार्य को पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

3- **Online Mutation** :– ऑनलाइन म्यूटेशन के समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि अंचलाधिकारी, पंडारक के द्वारा काफी अच्छा प्रदर्शन किया गया, जिसके लिए सचिव, श्री गोपाल मीणा द्वारा उनकी प्रशंसा की गयी, परन्तु यह देखा गया कि पाटलीपुत्र, दानापुर, पटना सदर, दीदारगंज एवं पटना सिटी के अंचलाधिकारियों द्वारा ऑनलाइन दाखिल–खारिज वाद को अधिक संख्या में रिजेक्ट किया गया। साथ ही नौबतपुर, बिहटा, फुलवारीशरीफ, पालीगंज, पुनपुन एवं दानापुर में दाखिल–खारिज वाद को बिना कारण बताये राजस्व अधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा रिजेक्ट किया गया है, इसपर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। प्रधान सचिव द्वारा दाखिल–खारिज वाद को 31 मार्च 2026 की नियत समय में निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

4- **Parimarjan Plus** :– समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दुल्हिनबाजार, सम्पतचक, बख्तियारपुर, बिहटा एवं पटना सिटी में परिमार्जन प्लस के अत्यधिक मामलें लंबित हैं। इन्हें शीघ्रता से ससमय निष्पादन करने का निदेश दिया गया।

दीदारगंज अंचलाधिकारी को चेतावनी देते हुए निदेशित किया गया कि राजस्व संबंधी कार्यों के लंबित मामलों को नियत समय सीमा 31 मार्च 2026 तक निश्चित रूप से निष्पादन करना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में भाग लेने वाले पदाधिकारियों को इस सूचना से अवगत कराया गया कि सभी लोगों को एक साल के लिए सर्वे कार्यों में भेजा जायेगा। बैठक समाप्ति के पूर्व प्रधान सचिव द्वारा यह अवगत कराया गया कि बैठक समाप्ति के बाद पटना जिले के अपर समाहर्त्ता कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय एवं अंचल कार्यालयों का विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा निरीक्षण किया जायेगा।

**अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

9/4/26

(आजीव वत्सराज)
अपर सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

**बिहार सरकार**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक–10/सम0 (बैठक कार्यवाही)–11/2026–– 413 (10)/रा0, पटना–15, दिनांक – 09/04/2026

प्रतिलिपि–प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/समाहर्त्ता, पटना/अपर समाहर्त्ता, पटना/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, पटना/सभी अंचलाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

E-mail

9.4.26
(देवेश कुमार)
उप सचिव।

ज्ञापांक–10/सम0 (बैठक कार्यवाही)–11/2026–– 413 (10)/रा0, पटना–15, दिनांक – 09/04/2026

प्रतिलिपि–निदेशक, तीनों निदेशालय/सभी अपर सचिव/सभी उप सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9.4.26
(देवेश कुमार)
उप सचिव।

ज्ञापांक–10/सम0 (बैठक कार्यवाही)–11/2026–– 413 (10)/रा0, पटना–15, दिनांक – 09/04/2026

प्रतिलिपि–माननीय उप मुख्यमंत्री–सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सभी सचिव के प्रधान आप्त सचिव/कोषांग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9.4.26
(देवेश कुमार)
उप सचिव।